# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर
## (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड
## हिंदी विभाग

Website : www.gpgcbazpur.in E-mail : hindivibhag2@gmail.com

दिनांक : 22 अप्रैल 2024

सेवा में,

प्राचार्य,
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर

विषय : **Add On Certificate Course In Official Hindi** के सन्दर्भ में।

महोदय,

सविनय निवेदन इस प्रकार है कि छात्र–छात्राओं में कार्यालयी हिंदी की समझ–कौशल विकसित करने हेतु हिंदी विभाग द्वारा दिनांक 01–05–2024 से 30–05–2024 तक (तीस दिवसीय) एड–ऑन कोर्स संचालित किया जाना है। महोदय, यह कोर्स [**Add On Certificate Course In Official Hindi**] महाविद्यालय में अध्ययनरत कला, विज्ञान और वाणिज्य वर्ग के समस्त छात्र–छात्राओं के लिए पूर्णतः निशुल्क रहेगा। कोर्स करने के उपरान्त सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएँगे। कोर्स के संयोजक हिंदी विभाग के डॉ0 खेमकरण और सह–संयोजक डॉ0 संगीता होंगी।

महोदय, कार्यालयी हिंदी और उसकी उपयोगिता की दृष्टि से हिंदी विभाग को इस कोर्स के संचालन की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बाजपुर (उ०सिं० नगर) उत्तराखण्ड

SChaurasia
22-4-24
विभाग प्रभारी

संलग्न : पाठयक्रम [**Add On Certificate Course In Official Hindi**]

Scanned with CamScanner

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## बाजपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

Website : www.gpgcbazpur.in E-mail : hindivibhag2@gmail.com


**Programme** : Add On Certificate Course In Official Hindi
**Subject** : Hindi
**Course Code** : AOCCOH-2024
**Course Title** : Official Hindi (कार्यालयी हिंदी)

## Programme Outcomes [POs]

1. शिक्षार्थी हिंदी भाषा और उसके मानकीकृत रूप से परिचित होता है।
2. स्नातक, स्नातकोत्तर एवं समकक्ष स्तर पर इस पाठ्यक्रम के चयन और अध्ययन से शिक्षार्थी को भाषा, उसके कार्यालयी स्वरूप और साहित्य के सांगोपांग महत्व का ज्ञान होता है।
3. शिक्षार्थी राष्ट्र की सर्वप्रमुख भाषा हिंदी के अत्यन्त समृद्ध स्वरूप से परिचित होता है।
4. शिक्षार्थी को आजीविकोपार्जन सम्बन्धी हिंदी के कामकाजी स्वरूप, टंकण का महत्व की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त होता है।
5. शिक्षार्थी को संघ लोक सेवा आयोग, प्रादेशिक लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत भाषा, अनुवाद, व कार्यालयी हिंदी का सामान्य ज्ञान प्राप्त होता है।
6. शिक्षार्थी कौशल सम्वर्धन पाठ्यक्रम के रूप में प्रयोजनमूलक हिंदी का ज्ञान एवं प्रशिक्षण प्राप्त करता है।

## Course Outcomes [COs]

1. शिक्षार्थी हिंदी, हिंदी का क्षेत्र और उसके मानक रूप का ज्ञान एवं प्रशिक्षण पाता है।
2. शिक्षार्थी भाषा के विभिन्न स्वरूप, उसके व्यावहारिक प्रयोजनार्थ, वर्तनी एवं शब्दों के मानकीकरण का प्रशिक्षण पाता है।
3. शिक्षार्थी व्यावहारिक प्रयोजनार्थ शुद्ध लेखन हेतु हिंदी की वाक्य संरचना एवं व्याकरण का ज्ञान प्राप्त करता है।



Scanned with CamScanner

4. कार्यालयी प्रयोजनार्थ पारिभाषिक–प्रतिपारिभाषिक शब्दों के प्रयोग का ज्ञान एवं प्रशिक्षण पाता है।
5. शिक्षार्थी को राजभाषा के रूप में हिंदी की संवैधानिक स्थिति का ज्ञान होता है, जिसकी आवश्यकता उसे आजीविकोपार्जन की दृष्टि से सरकारी सेवाओं में होती है।
6. शिक्षार्थी कम्प्यूटर, टंकण, अनुवाद और तकनीक में हिंदी के प्रयोग का आरंभिक ज्ञान व प्रशिक्षण प्राप्त करता है

एड–ऑन पाठ्यक्रम –

कार्यालयी हिंदी   सत्र 2023–24   कुल व्याख्यान– 30 (30 घंटे)

---

यूनिट– I   व्याख्यान : 06

हिंदी भाषा

कार्यालयी हिंदी का स्वरूप और संकल्पना

कार्यालयी हिंदी : उद्देश्य एवं क्षेत्र

यूनिट– II   व्याख्यान : 06

कार्यालयी हिंदी की पारिभाषिक शब्दावली

कार्यालयी हिंदी और अनुवाद

हिंदी की संवैधानिक स्थिति

यूनिट– III   व्याख्यान : 06

कार्यालयी हिंदी पत्राचार

आवेदन पत्र, सरकारी पत्र, अर्द्ध सरकारी पत्र, कार्यालय आदेश, परिपत्र, अधिसूचना, विज्ञापन, निविदा, प्रेस विज्ञप्ति

यूनिट– IV   व्याख्यान : 06

प्रारूपण, टिप्पण, संक्षेपण, पल्लवन एवं प्रतिवेदन

यूनिट– V   व्याख्यान : 06

हिंदी कंप्यूटर टंकण एवं शॉर्टहैंड का सैद्धांतिक पक्ष

इंटरनेट और हिंदी का भविष्य

हिंदी में उपलब्ध सॉफ्टवेयर, वेबसाइट और सोशल मीडिया पर हिंदी लेखन कौशल



Scanned with CamScanner

सहायक ग्रंथ :

1. तिवारी, भोलानाथ, हिंदी भाषा की संरचना, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. हरिमोहन, आधुनिक जनसंचार एवं हिंदी, तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. गोदरे, डॉ. विनोद, प्रयोजनमूलक हिंदी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. सागर, रामचंद्र सिंह, कार्यालय कार्य विधि, आत्माराम एंड संस, नई दिल्ली।
5. सोनटक्के, डॉ. माधव, प्रयोजनमूलक हिंदी प्रयुक्ति और अनुवाद, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
6. भाटिया, कैलाश चन्द्र, प्रयोजनमूलक हिंदी प्रक्रिया और स्वरूप, तक्षशिला प्रकाशन, दिल्ली।
7. जैन, डॉ. संजीव कुमार, उद्देश्यपूर्ण कामकाजी हिंदी एवं कंप्यूटिंग, कैलाश बुक हाउस, भोपाल।
8. मल्होत्रा, विजयकुमार, कम्प्यूटर के भाषिक अनुप्रयोग, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली।
9. प्रज्ञा पाठमाला, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
10. झलटे, दंगल, उद्देश्यपूर्ण हिंदी सिद्धांत और व्यवहार, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
11. श्रीवास्तव, रवीद्रनाथ, हिंदी भाषा : संरचना के विविध आयाम, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली।

योग्यता –

महाविद्यालय के संस्थागत छात्र–छात्राएँ।

मूल्यांकन – अधिकतम अंक : 100

पठन–पाठन, लिखित परीक्षा एवं मूल्यांकन का संचालन हिंदी विभाग द्वारा किया जाएगा।

पाठ्यक्रम की आवश्यकता :

सामान्य हिंदी भाषा, क्षेत्र एवं उसके मानकीकृत रूप के परिचय, सरकारी कार्यालय की कार्यविधि का कार्यालयों में जाकर प्रायोगिक ज्ञान प्राप्ति, टंकण, कम्प्यूटर और अनुवाद की मूलभूत जानकारी और आजीविकोपार्जन की दृष्टि से इस पाठ्यक्रम की आवश्यकता प्रतीत होती है।

Schaurasia 22-4-24
विभाग प्रभारी

संयोजक 22.4.2024

Sangeeta 22.4.2024
सह–संयोजक



Scanned with CamScanner

दिनांक– 22/05/2024

सेवा में,

प्राचार्य
रा० स्ना० महाविद्यालय, बाजपुर
(ऊधम सिंह नगर)

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि हिंदी विभाग द्वारा प्रस्तावित **Add On Certificate Course In Official Hindi** कोर्स को संचालित करने सम्बन्धित हिंदी विभाग द्वारा प्रस्तुत विस्तृत रूपरेखा का विद्वत समिति द्वारा अवलोकन कर लिया गया है। समिति उक्त कोर्स को संचालित करने हेतु अनुमति प्रदान करने की संस्तुति करती है।

**विद्वत समिति**

डॉ० रीता सचान – संयोजक
डॉ० अनिल कुमार सैनी – कला
डॉ० प्रदीप दुर्गापाल – विज्ञान
डॉ० मनप्रीत सिंह – वाणिज्य

"A"

"A" सहमत

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बाजपुर (उ०सिं० नगर) उत्तराखण्ड

Scanned with CamScanner

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर
# (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड
## हिंदी विभाग

Website : www.gpgcbazpur.in E-mail : hindivibhag2@gmail.com

दिनांक : 21.05.2024

रिपोर्ट


### एड-ऑन कोर्स

बाजपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में हिंदी विभाग द्वारा तीस दिवसीय एड-ऑन कोर्स के अंतर्गत आज हिंदी की संवैधानिक स्थिति पर प्रकाश डाला गया। एड-ऑन कोर्स के संयोजक डॉ. खेमकरण सोमन ने बताया कि छात्र-छात्राओं में कार्यालयी हिंदी की समझ और पत्राचार की कार्यकुशलता व कला विकसित करने की दृष्टि से महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 01 मई से 30 मई 2024 तक तीस दिवसीय एड-ऑन कोर्स का शुभारंभ किया गया है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत हिंदी, हिंदी का स्वरूप, महत्व, क्षेत्र, कार्यालयी हिंदी, पत्राचार,कंप्यूटर टंकण, इंटरनेट और हिंदी, हिंदी का भविष्य, सोशल मीडिया और अनुवाद जैसे विषय पढ़ाए जा रहे हैं। इसमें अभी तक कला, वाणिज्य और विज्ञान वर्ग के डेढ़ सौ छात्र-छात्राओं का पंजीकरण किया गया है। कोर्स के उपरांत सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।



कोर्स के बीसवें दिन हिंदी विभाग की डॉ. संगीता ने हिंदी की संवैधानिक स्थिति के विषय में बहुत विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केंद्र-राज्य सरकारों और हिंदी संगठनों की सकारात्मक भूमिका के कारण हिंदी अब रोजगार की भाषा बनने की ओर अग्रसर है।

Scanned with CamScanner




इस अवसर पर हिंदी विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. मेहराज बानो, दिव्या, प्रभजीत कौर, छात्रसंघ सचिव आदर्श कुमार, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक कुमार, आदित्य पांडे, उजमा खान, पूजा जोशी, नेहा, सताक्षी शर्मा, गौरी गोयल, रितिका और दीपक आदि उपस्थित रहे।

Scanned with CamScanner